# उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड

प्रादेशिक मुख्यालय, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ - 226006

☎0522–2332928 Website : www.bsgup.org E.Mail : upscoutsguides@yahoo.com


GO-GROW-GLOW

पत्रांक : IT 01 / 377 /2020-21 दिनांक : 27.07.2020

STOP COVID-19 ... STAY SAFE!

सेवा में,

समस्त जिला सचिव
उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड |

विषय : आई०टी० समन्वयक के माध्यम से वेबसाइट/OYMS पोर्टल हेतु डाटा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में |

महोदय/महोदया,

अवगत कराना है कि राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउटस और गाइड्स, नई दिल्ली के पत्र संख्या 59/2020 दिनांक 09 मई 2020 (पत्र संलग्न) के अनुपालन में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड से पंजीकृत सभी यूनिट एवं युवा सदस्यों को OYMS (www.scout.ind.in) पोर्टल पर पंजीकृत किया जाना है | जिसके लिए प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा जनपद के आई० टी० समन्वयको का प्रशिक्षण सितम्बर 2019 में आयोजित किया गया था | और जो जनपद शेष रह गये थे उनका ऑनलाइन प्रशिक्षण 14 से 17 जुलाई 2020 की अवधि संपन्न किया जा चुका है | यूनिट के पंजीकरण हेतु OYMS पोर्टल का आई० डी० और पासवर्ड जनपद को प्रेषित किया जाना है जिस हेतु आप अपने जनपद के आई० टी० समन्वयक को संलग्न प्रपत्र के माध्यम से अधिकृत करने का कष्ट करें | जिससे उनको आई० डी० और पासवर्ड प्रेषित किया जा सके |

जैसा की आप अवगत है, कि इस कोविड -19 की विभीषिका में स्काउट/गाइड गतिविधियों को तकनीकी माध्यमो से जोड़ने की आवश्यकता समय की मांग है इसके लिए मुख्यालय द्वारा विभिन्न प्रयास किये जा रहे है | जनपद स्तर पर आपके द्वारा अधिकृत आई० टी० समन्वयक को समय-समय पर क्षमता निर्माण (Capacity Building) हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है | जिससे जनपद की आई० टी० से सम्बंधित गतिविधियाँ जैसे जनपद वेब पेज (प्रदेश संस्था द्वारा तैयार किया गया) का अपडेशन, न्यूज़ बुलेटिन हेतु विज्ञप्ति, ऑनलाइन कोर्स का आयोजन, बैनर डिजाईनिंग, रिपोर्टिंग फार्मेट, आदि का कार्य सुचारू रूप से जनपद स्तर पर ही संचालित हो सके |

भवदीय,

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
28.7.2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित की सेवा में सादर को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित :-

1. प्रादेशिक मुखायुक्त महोदय, उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड |
2. समस्त प्रादेशिक आयुक्त, उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड |
3. समस्त संयुक्त/सहायक शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश |
4. मुख्यालय आयुक्त (आई०टी०) उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड |
5. प्रादेशिक संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड |
6. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/बेसिक शिक्षा आधिकारी, उत्तर प्रदेश |
7. समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड) को इस आशय से कि उक्त हेतु कार्यवाही यथाशीघ्र कराकर मुख्यालय को प्रेषित करवाना सुनिश्चित कराएं |
8. समस्त जिला मुख्यायुक्त उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड |

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
28.7.2020

# उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड

## जिला संस्था -

1 = आई० टी० समन्वयक का नाम : ……………………………………………………………

मो०न० : ………………………………………………………………………………….

इमेल : ………………………………………..……………………………………

2 = सहायक आई० टी० समन्वयक का नाम : …………………..………………..…………………

मो०न० : ……………………………………….…………………………………….

इमेल : ………………………………………..……………………………………

3 = जनपद की अधिकृत मेल आई० डी० : ……………………………………………………

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड जिला संस्था ……………………………. से उपरोक्त आई० टी० समन्वयको को जिला संस्था के आई० टी० से सम्बंधित कार्य हेतु स्वंय सेवक के रूप अधिकृत किया जाता है |

हस्ताक्षर
जिला मुख्यायुक्त
(मुहर)

हस्ताक्षर
जिला सचिव
नाम ……………………
ई मेल …………………..

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
## राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, १६ महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.orgईमेल आईडी : info@bsgindia.orgदूरभाष :+91-11-23370724,23378667


प्रति,
समस्त राज्य मुख्य आयुक्त
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : **59 / 2020**
दिनांक : **09 मई, 2020**

**विषय :— भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ऑनलाइन युवा सदस्यता पंजीकरण प्रणाली (ओवाइएमएस) के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ :— 30.04.2020 को आयोजित आभासी राष्ट्रीय योजना समिति की बैठक।**

महोदय/महोदया,

बड़े हर्ष के साथ आपको सूचित करना है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने अपनी नई वेबसाइट **www.scout.ind.in** विकसित की है।

संगठन के सभी बोनाफाइड सदस्यों को ऑनलाइन युवा सदस्यता पंजीकरण प्रणाली (ओवाइएमएस) में पंजीकृत करने हेत इस वैबसाइट को विश्व स्काउट संगठन (वोजम) एवं विश्व गाइड संगठन (वैग्स) द्वारा वांछित पंजीकरण प्रणाली की नवीनतम तकनीक के साथ बनाया गया है। यह ऑनलाइन पंजीकरण वोजम के अन्य सभी राष्ट्रीय स्काउट संगठनों (NSOs) एवं वैग्स के सदस्य संगठनों (MOs) द्वारा कार्यान्वित किया जा चुका है। अतः भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने भी 31 दिसम्बर, 2020 तक हर स्तर पर युवा पोर्टल के माध्यम से अपने सदस्यों के ऑनलाइन पंजीकरण को पूरा करने हेतु एक चुनौती एवं लक्ष्य रखा हैं।

इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय मुख्यालय ने गत वर्ष (2019) में जून से सितम्बर की अवधि में क्षेत्रीय स्तर पर ऑनलाइन सदस्यता पंजीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया था। आपके राज्य संघ द्वारा प्रतिनियुक्त प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों ने राज्य/जिला/स्थानीय/ग्रुप संघों में ऑनलाइन पंजीकरण को आगे बढ़ाने हेतु एक विशेषज्ञता के साथ इस आनलाइन पंजीकरण प्रशिक्षण में सक्रिय रुप से भाग लिया था।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ने युवा पोर्टल में पंजीकरण हेतु सभी राज्य संघों को ऑनलाइन पंजीकरण उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड भी प्रदान किये थे जिससे कि वे सम्बन्धित जिला संघ हेतु तथा जिला संघ अपने स्थानीय/ग्रुप संगठनों के लाभार्थियों के पंजीकरण हेतु उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड बना सकें, लेकिन राज्य संघों द्वारा अभी तक इसका अनुपालन किया जाना शेष है जो कि एक महान चिन्ता का विषय है।

ऑनलाइन पंजीकरण का प्रकरण आभासी राष्ट्रीय योजना समिति की 30.04.2020 को हुई बैठक में रखा गया था जिसमें राज्यों के मुख्य आयुक्तों में से अधिकांश इस ऑनलाइन बैठक में सम्मिलित हुए थे। राष्ट्रीय योजना समिति ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है कि 31 दिसम्बर, 2020 तक संगठन के सभी स्तरों पर ऑनलाइन पंजीकरण को प्राथमिकता पूर्वक देशव्यापी रुप से पूर्ण किया जाना चाहिए। यह भी चर्चा हुई कि 31 मार्च 2021 के पश्चात राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुुरस्कार हेतु पंजीकरण, अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता हेतु आवेदन, प्रतिवेदन, यूथ प्रोग्रेसिव एडवांसमेंट समेत सभी को केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किया जायेगा।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए राज्य संघों से अनुरोध है कि वे सभी राज्य ऑनलाइन सदस्यता पंजीकरण समन्वयकों/राज्य सदस्ता वृद्धि समन्वयकों को उपयुक्त निर्देश जारी करें कि वे शीघ्रतापूर्वक ऑनलाइन युवा

पंजीकरण की पहल करें और यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित लक्ष्य **31 दिसम्बर, 2020** या उससे पूर्व सभी स्तरों पर संगठन के सभी युवा सदस्य ऑनलाइन पंजीकृत अवश्य हो जायें।

यह अत्यंत सराहनीय होगा कि यदि माननीय राज्य मुख्य आयुक्त व्यक्तिगत रुप से इस मामले में सहयोग कर सकें ताकि अनुमानित लक्ष्य को बिना किसी कठिनाई के प्राप्त किया जा सके।

इस सम्बन्ध में हम सभी सम्बन्धितों के सहृदय सहयोग की आशा करते है।

**भवदीय**

**(राज कुमार कौशिक)**
**निदेशक**

**प्रतिलिपि** :–

1. समस्तराष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त राज्य सचिव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ, भारतीय संघ।
6. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ ।
7. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउस एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।